त्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल को राखी बांधी

गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल कायम करते हुए रॉयल फैमली आफ अवध की महिलाओं ने भी राखी बांधी

लखनऊः 18 अगस्त, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक को आज राजभवन में रक्षाबन्धन के शुभ अवसर पर बेगमात रॉयल फैमली आफ अवध की अध्यक्षा प्रिंसेज फरहाना मालिकी, प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों, नवयुग रेडियन्स सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल की छात्राओं, सुभाष चिल्ड्रन होम कानपुर के बच्चों, एस0ओ0एस0 चिल्ड्रन विलेज वाराणसी के बच्चों एवं श्रीमती शशिबाला धुसिया जिला महामंत्री भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा सहित अन्य बहनों ने कलाई पर राखी बांधकर एवं तिलक लगाकर उनके दीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए बधाई दी।

राज्यपाल ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि ''रक्षाबन्धन का पर्व स्नेह के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। इस पर्व पर भाई अपनी बहन को रक्षा का आश्वासन देता है। रेशम की डोर में रिश्तों का बड़ा महत्व है। उत्तर प्रदेश के मुखिया के नाते सब को सुरक्षा देना मेरा एवं मेरी सरकार का दायित्व है। मैं समय-समय पर अपनी सरकार को यही बात बताता रहता हूँ कि सुरक्षित वातावरण हर नागरिक का अधिकार है। महिलाओं का सम्मान करें तथा उन्हें सम्मानजनक एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध करायें। ऐसे में भाइयों का भी यह कर्तव्य है कि लोगों को सही रास्ता दिखायें। आज के दिन हमें यही संकल्प लेना चाहिए कि बहनें सुरक्षित एवं प्रसन्न रहें।'' उन्होंने कहा कि माताओं, बहनों एवं बच्चों सभी को सुरक्षित होने का विश्वास दिलाना सरकार के साथ-साथ समाज का भी दायित्व है।

श्री नाईक ने कहा कि प्रसन्नता की बात है कि गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल कायम करते हुए अवध के प्रमुख घरानों की महिलाओं से लेकर गरीब अनाथ बच्चों एवं छात्राओं ने उन्हें राखी बांधी।

अंजुम/ललित/राजभवन (293/23)

राज्यपाल
23-06-2014 - 22-07-2014